केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 291 बुधवार 15 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### अवैध कच्ची शराब बरामद

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। छावनी थानाक्षेत्र के छतौना माझा में मंगलवार की सुबह आबकारी की प्रवर्तन टीम एवं चौकी प्रभारी विक्रमजोत रितेश कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने छितौना गांव के दक्षिण दिशा में नदी के किनारे दबिश दिया गया। दबिश के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 950 किलोग्राम लहन जो कि पानी के अंदर रखा हुआ व जमीन के अन्दर बरामद कर मौके पर लहन को नष्ट करते हुए व 3 भठियों को तोड़ते हुए अबैध शराब बनाने के उपकरणों को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 02 अभियोग पंजीकृत किया।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कोतवाली थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव में सोमवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तीन दिनों से बंद एक घर में युवक का शव फंदे से लटकता मिला। उसकी पत्नी बच्चों के साथ एक माह पूर्व अपने मायके चली गई थी। तेज दुर्गन्ध आने पर पड़ोसियों को शक हुआ और सूचना परिजनों को दी। दरवाजा तोड़कर घरवाले अंदर गए तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मृतक प्रदीप शर्मा (33) पुत्र बाबूलाल के शव को कब्जे में ले लिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। कोतवाल विजय दुबे का कहना है कि मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। वजह की पड़ताल की जा रही है।

दौलतपुर निवासी प्रदीप शर्मा बिजली मैकेनिक का काम करता था। उसके पिता बाबूलाल उससे अलग गांव के चौराहे पर रहते हैं और आटा चक्की की दुकान चलाते हैं। प्रदीप अपनी पत्नी व दो बच्चों संग रहता था। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पूर्व प्रदीप की पत्नी बच्चों के साथ गौरा गनेशपुर स्थित अपने मायके गई थी। बीते तीन दिनों से प्रदीप की बाइक दौलतपुर चौराहे पर ही खड़ी थी, जबकि वह किसी को नजर नहीं आया तो सोचा कि कहीं बाहर गया होगा। सोमवार को उसके घर से तेज दुर्गन्ध आने पर घटना की जानकारी हो सकी। पुलिस के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। छानबीन की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

विक्रमजोत (बस्ती) । छावनी थाना क्षेत्र के संदलपुर गांव में बीती रात मंगलवार को 17 वर्षीय दिव्यांशी पुत्री उदयनरायन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दिव्यांशी दो बहन दो भाई है और इंटर की छात्रा थी। परिजनों की माने तो काफी दिनों से तबीयत खराब होने के कारण दवा चल रही थी। देर रात खाना खा कर अपने कमरे में सोने चली गयी थी। सुबह अपने कमरे मे मृत अवस्था में मिली ।इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी विक्रमजोत रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### खैराटी के कार्यवाहक ग्राम प्रधान का निधन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती) । विकास खण्ड बनकटी के ग्राम प्रधान खैराटी के कार्यवाहक ग्राम प्रधान राम सुरेश शुक्ला 80 वर्षीय गाँव कनेहटी का सोमवार देर शाम निधन हो गया।जानकारी के अनुसार विगत सितंबर माह में युवा प्रधान अखिलेश शुक्ला 30 वर्ष के असामयिक निधन के कारण वह कार्यवाहक ग्राम प्रधान बने थे परिवार के सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है

# पीएम मोदी के नामांकन में नेताओं की जुटान





**वाराणसी (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव–2024 के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इसके पूर्व गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे थे। वहां उनसे अनुमति–आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। काल–भैरव मंदिर में पूजन और कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे।

मंगलवार को गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने मंगलवार सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक–एक पुजारी आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे।

नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काशी के कोतवाल काल भैरव बाबा के दर्शन–पूजन व आरती करने पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लिया, फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां तीसरी बार काशी से तीसरी बार नामांकन किया। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। काल भैरव मंदिर में पूजन के दौरान पीएम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।

पीएम के नामांकन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हेमंता विश्व सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, हरियाणा के नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, यूपी में एनडीए के घटक लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस आदि की मौजूदगी रही।

## वाराणसी से नामांकन नहीं कर पाये कामेडियन श्याम रंगीला



**वाराणसी (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन फार्म भरने की कोशिश कर रहे स्टैंडअप कामेडियन श्याम रंगीला अंतिम दिन भी कामयाब नहीं हो सके। कलक्ट्रेट गेट पर श्याम रंगीला, दुबई से आए एनआरआई इकबाल समेत 50 से अधिक लोगों ने फार्म जमा नहीं होने पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र के नामांकन से पहले अंदर जाने की कोशिश की। इसके बाद मोदी के नामांकन के बाद भी कोशिश की। मोदी के नामांकन के बाद जैसे ही सुरक्षा व्यवस्था हटी, सभी नामांकन दाखिल करने के लिए कलक्ट्रेट गेट पर पहुंचे। इस पर गेट बंद कर दिया गया।

इसके बाद सभी गेट पर प्रदर्शन करने लगे। श्याम रंगीला ने बताया कि वह सुबह सवा नौ बजे पहुंचे थे। उनके समेत सभी को दोपहर बाद आने को कहा गया। अब यहां आने के बाद अंदर जाने नहीं दिया जा रहा।

## पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए नियुक्त पीठासीन/ मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण शिवहर्ष उपाध्याय किसान इण्टर कालेज एवं शिवहर्ष किसान डिग्री कालेज में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में दोनों पाली में कुल 1274 लोंगो को प्रशिक्षित किया गया तथा कुल 5 लोंग अनुपस्थित पाये गये। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया और कहा कि मतदान प्रकिया को कुशलतापूर्वक समन्न कराने के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारी की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

उन्होने कहा कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी मतदान प्रक्रिया विशेषकर ईवीएम संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी में भलीभॉति दक्षता प्राप्त कर लें। उन्होने मास्टर ट्रेनर को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए बीच–बीच में कार्मिको से सवाल–जवाब भी किया जाय। उन्होने पोस्टल बैलेट/ईडीसी से मतदान काउंटर का भी जायजा लिया और जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

सीडीओ जयदेव सीएस ने कहा कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिको का वेतन बाधित करते हुए उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जायेंगी। इस दौरान पीडी राजेश झा, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, प्रशिक्षण अधिकारी विजय यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जमीन को लेकर दो भाईयों में मारपीट

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सरैया गांव में जमीन बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। पुलिस को दी तहरीर में उदयशंकर ने बताया कि पारिवारिक बंटवारे में वादी के हिस्से में मिली जमीन में विपक्षी बढ़कर सीमेंटेड खंभा लगा रहे थे। जब मैंने मना किया तो मेरे साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बचाने आई वादी की पुत्री अनीता को कृपाशंकर ने लोहे के सब्बल से मार दिया। वादी की बेटी के सिर में गंभीर चोट लगी और वह बेहोश हो गई। पुलिस ने उदयशंकर निवासी सरैया की तहरीर पर भाई कृपाशंकर, भतीजा सुनील कुमार, मिशला देवी पत्नी सुनील कुमार व भाई रामनरेश के खिलाफ जानलेवा हमला करने व मारपीट करने का केस दर्ज किया है।

## नये फीडर से विद्युत आपूर्ति शुरू

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हथियागढ़ फीडर से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं को नौ साल के लंबे इंतजार के बाद लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिल गई। हथियागढ़ फीडर से करीब 3.5 हजार उपभोक्ताओं को अलग करने का कार्य पूरा हुआ। यह उपभोक्ता अब शहर के नवनिर्मित फीडर पटेल चौक से जोड़े गए हैं। अधिशासी अभियंता नगरीय क्षेत्र मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नए फीडर से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

पुरानी बस्ती उपकेंद्र से हथियागढ़ फीडर को बिजली की आपूर्ति होती है। इस फीडर से तमाम व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बिजली मिलती है। फीडर पर छह हजार से अधिक उपभोक्ताओं का भार होने के कारण गर्मी में लो वोल्टेज और बार–बार फॉल्ट आने की समस्या से उपभोक्ता लंबे समय से परेशान थे। वर्ष 2016 में निगम ने हथियागढ़ फीडर से 3000 से ज्यादा उपभोक्ताओं को अलग कर नया फीडर बनाया, लेकिन यह चालू नहीं हो पाया। इन नौ वर्षों में शहर का दायरा बढ़कर पटेल चौक तक पहुंच गया। इसे चालू कराने में विभाग को 18.54 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च कर दो किलोमीटर लाइन बनानी पड़ी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह फीडर पटेल चौक के नाम से जाना जाएगा।

# 2024 में चल रही है मोदी की सुनामी- केशव प्रसाद मौर्य



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

गौर (बस्ती)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उनके निशाने पर सपा, बसपा और कांग्रेस रही। केशव प्रसाद ने अखिलेश यादव पर भी तंज कसा। कप्तानगंज विधानसभा के शिवपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी गठबंधन में शामिल सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करने न आने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव माफिया मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने चले गए। उन्होंने कहा कि सपा अपराध और भ्रष्टाचार पैदा करने की फैक्टरी है, जबकि हमने फैक्टरियां लगाकर युवाओं को रोजगार दिए। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे आए उपमुख्यमंत्री ने मंच पर आने के बाद हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। उन्होंने डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए सपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की नीति बांटकर राज करने की है। सपा समाप्तवादी पार्टी बनकर रह गई तो कुछ लोगों को टिकट देकर हमारे परिवार को बांटने की कोशिश की है। 2014 में लहर 2019 में अंधी तो 2024 में सुनामी है मोदी के नाम की।

केशव प्रसाद ने आगे कहा कि सपा अपराधियों, गुंडा, दंगाइयों और भ्रष्टाचार को पैदा करने की फैक्टरी है। वह ऐसी फैक्टरी चलाते हैं, जहां कट्टा और बम बनाने का काम होता है, जबकि भाजपा बड़ी फैक्टरी लगाकर रोजगार देती है। बसपा, कांग्रेस और सपा आईसीयू में पड़े हैं। इन्हें ऑक्सीजन की जरूरत है। सपा सांपनाथ, बसपा नागनाथ और कांग्रेस कालियानाथ है। ये तीनों प्रधानमंत्री को कुर्सी से हटाने का सपना देख रहे हैं। सपने में देख रहे कि तोड़फोड़ कर सरकार बना लेंगे तो राममंदिर की जमीन पर बाबरी मस्जिद बना देंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सपा ने निमंत्रण ठुकरा दिया। किसी ने राम को काल्पनिक बताया तो किसी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। जो प्राण–प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा सकते हैं, वे मुस्लिम तुष्टीकरण कर अपनी पार्टी का नाम मुस्लिम लीग रख लें।

सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव देश को सौ साल आगे लेकर जाने वाला है। विकसित भारत बनेगा तो देश तरक्की करेगा। यही मोदी की गारंटी है। बोले–भारत को अमेरिका से पहले विकसित होना चाहिए था, लेकिन पूर्व की सरकारों को कुर्सी से प्रेम था। उन्हें जनता से मोह नहीं था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, दयाराम चौधरी, संयोजक दुष्यंत विक्रम सिंह, सुखराम गौड़, विपिन शुक्ल, प्रमोद कुमार गिल्लम चौधरी, यशकांत सिंह, सुशील सिंह, राना नागेश प्रताप सिंह, विवेक चौधरी, उमाशंकर पटवा, सेतभान राय, केडी चौधरी, वरुण पाण्डेय, विजय गुप्ता, सिंकू सिंह, गौरव मणि त्रिपाठी, मनोज पाठक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली के आयकर विभाग दफ्तर में लगी आग, एक अधिकारी की मौत





नई दिल्ली (आभा)। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इंकम टैक्स कार्यालय में बड़ी आग लग गई। आयकर विभाग का भवन दिल्ली पुलिस मुख्यालय के पीछे स्थित है। बताया जा रहा है कि दमकल विभाग की कुल 21 गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंची थीं। इस आगजनी में 46 साल के एक अधिकारी की मौत हो गई है। यह आग कैसे लगी? अभी इसके बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। दिल्ली पुलिस की तरफ से कहा गया है कि इस भवन से सात लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

सीआर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग और पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया था। इसके बाद आग पर काबू पाया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 46 साल के शख्स अचेत अवस्था में पाए गए और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वो ऑफिस सुपरिटेन्डेन्ट के तौर पर काम कर रहे थे।

एक वीडियो सामने आया है कि यहां फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौजूद हैं। स्थानीय पुलिस के साथ–साथ कुछ लोग भी वहां नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग में जो लोग फंसे हुए थे उनको सीढ़ी के जरिए निकाला गया है। फायर कर्मियों को इस आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है।


दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने कहा, 'हमें दोपहर करीब 3.07 बजे आईटीओ स्थित इंकम टैक्स दफ्तर सीआर बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। हम वहां दमकल की कुल 21 गाड़ियां लेकर पहुंचे। हमने इस मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी ताकि मामले की जांच की जा सके और कानून–व्यवस्था को काबू में रखा जा सके।श सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में नजर आ रहा है कि आग से बचने के लिए कुछ लोग खिड़की के पास जा रहे हैं।

## कम नामांकन पर 4 हजार शिक्षकों, कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का मामला गरमाया

### –वेतन जारी न हुआ तो होगा आन्दोलन– उदयशंकर शुक्ल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती।** 10 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के शिक्षक समेत समस्त लगभग 4 हजार कर्मचारियों का वेतन रोक दिये जाने का मामला गरमाता जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बीएसए से दूरभाष पर वार्ता के बाद प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उन्होने स्पष्ट कर दिया है कि यदि दो दिनों के भीतर शिक्षक समेत समस्त लगभग 4 हजार कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से जारी न कराया गया तो संघ धरना प्रदर्शन के साथ ही आन्दोलन करने को बाध्य होगा।



शिक्षकों समेत 4 हजार कर्मचारियों का वेतन रोके जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि इन स्थितियों के लिये सीधे तौर पर बीएसए जिम्मेदार है। उन्होने चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र शिक्षक समेत समस्त लगभग 4 हजार कर्मचारियों का वेतन जारी न किया गया तो संघ वृहद और निर्णायक आन्दोलन को बाध्य होगा।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पदाधिकारियों, सदस्यों में परिचय पत्र का वितरण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के बस्ती शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों में परिचय पत्र का वितरण जिलाध्यक्ष डा. वी0के0 वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गौड़ की मौजूदगी में गोटवा स्थित पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल सभागार में किया। डा. वर्मा ने कहा कि पत्रकारों के पास यूनियन का परिचय पत्र होना आवश्यक है जिससे वे अपने दायित्वों का पालन निष्ठापूर्वक कर सके।

संरक्षक डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' राजेश कुमार पाण्डेय महामंत्री, राकेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र पाण्डेय, अरूण कुमार उपाध्यक्ष, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, राकेश गिरी सचिव पद इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य दीपक द्विवेदी, देवेन्द्र पाण्डेय, जय प्रकाश उपाध्याय, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव आदि में परिचय पत्र का वितरण किया गया।



श्रमजीवी पत्रकार यूनियन प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गौड़ ने कहा कि पत्रकारिता के अपने दायित्व हैं, पत्रकारों को इस भूमिका पर खरा उतरना होगा। वे इस क्षेत्र की पवित्रता और विश्वास को बचाये बनाये रखने में योगदान दें। संरक्षक डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि ज्ञान पत्रकारिता की आवश्यक शर्त है। निरन्तर अध्ययन आवश्यक है।

जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि पत्रकारों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराया जाय। परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम में लवकुश सिंह, राकेश तिवारी, राजेन्द्र उपाध्याय, राम विलास कसौधन, फैय्याज, अनिल कुमार श्रीवास्तव, श्री प्रकाश गुप्ता, मो. कलीम, मो. रिजवान, सुमित जायसवाल, दिलीप चन्द्र पाण्डेय, कपीश मिश्र, लवकुश यादव, अनूप मिश्र, आशुतोष नारायण मिश्र, बजरंग प्रसाद शुक्ल, शिवेश शुक्ल, जितेन्द्र कुमार, जय प्रकाश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## भाकपा माले ने दिया गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को समर्थनः कार्यकर्ता बैठक में उठाये जमीनी मुद्दे






–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ' मार्क्सवादी –लेनिनवादी' की कार्यकर्ता बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिला प्रभारी का. रामलौट के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी ने नेताओं ने इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को अपना समर्थन देते हुये उनकी जीत सुनिश्चित करने का आवाहन किया।

कार्यकर्ता बैठक में ब्रजेश, डा. सकूर आलम, राजू कुमार सिंह, चन्दन देवी, नीतू, प्रीती, राजकुमार प्रजापति आदि ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों, अल्पसंख्यकों, दलितों को और अधिक गरीब बना रही है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति में धर्म का घाल मेल कर भाजपा गरीबों से उनका हक छीन रही है। ऐसे में भाकपा माले ने देश भर में इण्डिया गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। जिला प्रभारी का. रामलौट ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में लगातार वातावरण सृजन कर रहे हैं। दावा किया कि बढती मंहगाई, बेरोजगारी के सवाल को लेकर मतदाताओं में आक्रोश है और इस बार भाजपा के मंसूबे सफल नहीं होंगे। अध्यक्षता शान्ती देवी ने किया और संचालन करते हुये नन्द कुमार 'नाग' ने जमीनी मुद्दे उठाये।

बैठक में मुख्य रूप से भागीरथी गौतम, पारसनाथ, सुरेन्द्र, ऊषा, प्रर्मिला, फारूक, मुबारक अली, नन्दलाल यादव, रोशन अली आदि उपस्थित रहे।

# नेपाल बॉर्डर पर पकड़ा गया चीनी नागरिक निकला पीएलए का जवान, अयोध्या की कर चुका है रेकी



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** भारत–नेपाल के लीलाडिहवा बार्डर पर पकड़ा गया चीनी नागरिक यूफे नाघो वहां का जासूस है। पुलिस की जांच में पता चला है कि वह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से जुड़ा है। कई दिनों से सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बहराइच व अयोध्या की रेकी कर रहा था। मोहाना पुलिस व एसएसबी ने नौ मई की शाम छह बजे चीनी नागरिक यूफेनाघो को बिना वीजा व पासपोर्ट के पकड़ा था। उसने बताया कि वह चीन के जियांगशू, जियिंग काउंटी के सिबेई का रहने वाला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। उसके मोबाइल की छानबीन में चीन के पीएलए की वर्दी पहने फोटो मिली है। पुलिस का मानना है कि वह या तो पीएलए का जवान है या पहले रहा है। पुलिस का मानना है कि आमतौर पर ऐसे ही लोगों का प्रयोग जासूसी में होता है। नेपाल के लुंबिनी के जिस होटल में वह ठहरा था वहां भी पासपोर्ट की फोटोकापी ही मिली है। उसके मोबाइल के डाक्यूमेंट सिंक हो रहे हैं। पुलिस का यह भी मानना है कि वह अपने मोबाइल में जो भी फोटो व अन्य डाक्यूमेंट रखा है, उसे तत्काल चीन पहुंचा रहा है। यूफे नाघो पाकिस्तान व अफगानिस्तान भी जा चुका है। ऐसे में पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए मामले को आईबी व एटीएस को सौंप दिया है। पुलिस का मानना है कि यूफेनाघो कई बार सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बहराइच और अयोध्या जाकर वहां की रेकी कर चुका है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि चीनी नागरिक के मोबाइल की छानबीन में तमाम ऐसी जानकारियां मिली हैं जिनसे माना जा रहा है कि वह पीएलए का जवान रह हो। वह पहले भी भारतीय क्षेत्र में आ चुका है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि वह चीनी जासूस न हो। उसे समय से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्यथा वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता था।

## नाती को पीटा तो दादी ने दर्ज कराया मुकदमा

**संवाददाता–गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट टोला सेमरी में पड़ोसियों ने बच्चों के विवाद में एक छोटे बच्चे को बुरी तरह पीट दिया। बच्चे की दादी ने हरपुर बुदहट थाने में पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बुदहट सेमरी निवासिनी माधुरी देवी पत्नी मेवालाल ने थाने में दिए तहरीर में बताया कि सोमवार को घर के पास बच्चे आपस में खेल रहे थे। इसी बीच बच्चों में कहासुनी के दौरान पड़ोसी प्रेमलता पत्नी जुगेश और उनके बच्चों ने मिलकर मेरे नाती अंश कुमार पुत्र गिरजेश को मारपीट कर घायल कर दिया। दरोगा तनवीर अहमद ने बताया कि आरोपित प्रेमलता पत्नी जुगेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## गुलरिहा इलाके में कम्पोजिट विद्यालय का चोरी

**संवाददाता–गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय फुलवरिया में सोमवार की रात ताला तोड़कर घुसे चोर काफी सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने मौका मुआयना किया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यपिका इंदु सिंह ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रधानाध्यपिका ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सोमवार को छुट्टी के बाद विद्यालय बंद करके सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह रसोइया ने फोन करके दरवाजा टूटने एवं चोरी होने की सूचना दी। स्कूल पहुंचकर उन्होंने देखा दो कमरों पर लगा ताला टूटा हुआ था। चोर मोटर, स्मार्ट सीपीयू, साउंड सिस्टम, खेल का सामान, बर्तन, रसोई गैस सिलेंडर के साथ ही अन्य सामग्री उठा ले गए। विद्यालय से सम्बंधित अभिलेख को भी नुकसान पहुंचाया गया है। प्रधानाध्यपिका ने पुलिस के साथ ही विभागीय अधिकारियों को भी पत्र देकर घटना से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# मरीज के पर्चे पर राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें लिख वोट के लिए प्रेरित करें डाक्टर –डा. हर्षवर्धन

**संवाददाता–गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत वोट के लिए समाज के सभी वर्गों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन गोरखपुर पहुंचे। यहां चिकित्सक सम्मेलन में मौजूद डॉक्टरों को उनके साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को वोट देने की बात कही। गोरखपुर महानगर के गोरखपुर क्लब में लोकसभा चुनाव के निमित्त आयोजित गोरखपुर सदर लोकसभा के चिकित्सक सम्मेलन में पधारे मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा सांसद डॉ हर्षवर्धन उपस्थित रहे। चिकित्सकीय सम्मेलन में कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉक्टर वाई सिंह ने किया । कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकगण को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि चिकित्सक ऐसे समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सीधे 75 फीसदी आबादी से जुड़े होते हैं और जिनके आचरण व्यवहार और दिशा निर्देशों से आम जनमानस प्रभावित होता है। विशिष्ट अतिथि डा.अभय मणि त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश के चिकित्सक अपने पर्चे पर "राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें" का मुहर लगाकर सभी मरीजों को वोट देने के लिए प्रेरित करें।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा भारत जनकल्याणकारी योजनाओं एवं चिकित्सा की उच्चीकृत सुविधाओं तथा निशुल्क चिकित्सा की आयुष्मान भारत की योजना के साथ आम जनमानस विगत वर्षों में




लाभान्वित हो रहा है। हम चिकित्सक बंधुओं को जरूरत है कि माननीय मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों को पालन करते हुए जनता की सेवा कर उन्हें निरोगी जीवन जीने के लिए अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और केंद्र सरकार की नीति एवं रीतियों को उनके बीच साझा करें क्योंकि चिकित्सक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के वाहक होते हैं।

चिकित्सक गण की भारी संख्या को देखते हुए डॉक्टर हर्षवर्धन ने चिकित्सक सम्मेलन के संयोजक डॉक्टर वाई सिंह की सराहना भी किया तथा उपस्थित चिकित्सक बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ वाई सिंह ने बताया कि जब से भाजपा की सरकार है चिकित्सक एक सुरक्षित माहौल में कार्य कर पा रहे हैं

कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय , प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ अभय मणि त्रिपाठी ,महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव,महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता , डॉ असीम कुमार (विधायक), विपिन सिंह ( विधायक), डॉ डीके , डॉ अमित सिंह श्रीनेत्र, डॉ स्मिता जायसवाल, डॉ आरपी त्रिपाठी , डॉअमित सिंह, डॉ जेपी नारायण, डॉ वी के गौड़, डॉ अमित श्रीवास्तव ,डॉ बबीता शुक्ला,डॉ एसके लाट, डॉ राजकुमार सिंह श्रीनेत,डॉ अमित कुमार पांडे, डॉ डॉ अनुराग श्रीवास्तव ,डॉ राजकुमार सिंह ,डॉ एमके गुप्ता,डॉ दिनेश चंद्र, डॉ शर्मिला पोद्दार, डॉ सूरज जायसवाल, डॉ अनुभा गुप्ता,डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ आर पी शुक्ला ,डॉ एसएन तिवारी ,डा.अश्वनी मिश्रा,डॉ शिव शंकर शाही, डॉ प्रतिभा गुप्ता, डॉ विवेक सेठ, डॉ आर पी गुप्ता ,डॉ शिव शंकर शाही ,डॉ आर पी शुक्ला,डॉ चौन कोवई, डॉ ए एन शर्मा ,डॉ अजय श्रीवास्तव , डॉ प्रतिभा गुप्ता ,डॉ अनूप दुबे , डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉक्टर के सी मिश्र, डॉ ओंकार राय, एससी वैस समेत लगभग 550 चिकित्सक उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** एडीजे फर्स्ट मोहम्मद रफी ने हत्या के एक आरोपी को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। आरोपी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव निवासी संजय पुत्र किशोर के खिलाफ हत्या का मामला 2023 में दर्ज हुआ था। गवाहों के बयान, मिले सबूतों के आधार पर एडीजे फर्स्ट मोहम्मद रफी ने आरोप सही पाए जाने पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने आरोपी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासन की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी संतोष कुमार मिश्र ने की।

## गोरखपुर से अयोध्या तक सुरक्षित होगी यात्रा, स्क्रीन पर दिखेगी हर गतिविधि

**संवाददाता–गोरखपुर।** एनएचएआई ने गोरखपुर–लखनऊ हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे और विजुअल साइन बोर्ड लगाने के लिए सर्वे शुरू कराया है। पहले चरण में गोरखपुर से अयोध्या तक सीसीटीवी कैमरे और बोर्ड लगाने की योजना है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गोरखपुर में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस कारण गोरक्षनगरी से रामनगरी तक 137 किमी सड़क मार्ग की यात्रा को और बेहतर बनाने की पहल की जा रही है। सर्वे रिपोर्ट में पता चलेगा कि कितने कैमरे लगाने होंगे और कितना खर्च आएगा। इसके बाद कैमरे लगाकर हादसों पर नियंत्रण करने का कार्य किया जाएगा।

हाईवे पर जगह–जगह विजुअल साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। वाहन चालकों को बोर्ड से जानकारी मिलेगी कि कौन सी सतर्कता बरतनी है। इस बोर्ड के जरिए चालकों को बारिश, कोहरा, आंधी–तूफान या ओले गिरने की चेतावनी देकर सतर्क किया जा सकेगा। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के बाद निर्धारित मानक से अधिक गति से चलने वाले वाहनों की रिपोर्ट तैयार होगी और ऑनलाइन माध्यम से ही उनका चालान हो जाएगा। ऐसी कार्रवाई से लोग मानकों पर ध्यान देंगे। इससे हादसों में कमी आएगी।

सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से हाईवे पर अवैध कट बनाने वाले कैमरे में कैद हो जाएंगे और उनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। इसके साथ ही यह पता चलेगा कि अवैध कट से हर दिन कितने लोग सड़क के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। साथ ही कोई हादसा होने पर वीडियो के माध्यम से पता चल जाएगा कि गलती किसकी थी। इसके साथ ही साक्ष्य के आधार पर न्याय में मदद मिलेगी।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ललित प्रताप पाल ने बताया की गोरखपुर–लखनऊ हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे और विजुअल साइन बोर्ड लगाने के लिए सर्वे शुरू कराया गया है। पहले चरण में गोरखपुर से अयोध्या तक ये कार्य किए जाएंगे। इससे हादसे रोकने में मदद मिलेगी।

## युवती को अगवा कर ले गया देवरिया का युवक, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता–गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती को देवरिया जिले का एक युवक बहला–फुसला कर अगवा कर ले गया। युवती के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ हरपुर बुदहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हरपुर बुदहट पुलिस को दिए तहरीर में युवती के पिता ने बताया कि देवरिया जिले का रहने वाला युवक राजन मद्देशिया मेरी लड़की से फोन पर बातचीत किया करता था। बीते 9 मई को वह मेरी लड़की को बहला–फुसला कर अगवा कर ले गया। हर जगह तलाश करने के बाद मोबाइल नम्बर से पता चला कि आरोपी राजन ही उसको अपने साथ लेकर गया है। हरपुर बुदहट पुलिस ने मंगलवार को पीड़ित के पिता की तहरीर पर राजन के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## प्रेमी जोड़ा समझ भाई–बहन को पांच किमी तक छेड़ते रहे दबंग

**संवाददाता–गोरखपुर।** जिले के गुलरिहा क्षेत्र में एक बहन अपने भाई के साथ इलाज कराकर बाइक से घर जा रही थी। इस बीच प्रेमी युगल कहकर चार शोहदे उनके पीछे पड़ गए। पांच किमी तक पीछा कर रास्ते भर युवती को छेड़ते रहे। इस दौरान पीड़िता उनसे कहती रही, हम भाई–बहन है, मगर शोहदों ने उसकी एक न सुनी। गांव के पास पहुंचकर भाई ने आसपास के लोगों से मदद मांगी, जिसपर लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि तीन शोहदे भागने में कामयाब रहे। पुलिस केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने भाई के साथ महराजगंज चौराहे पर दांत का इलाज करने गई थी। लौटते समय चिलुआताल पुल से दो बाइक पर सवार चार शोहदे उनका पीछा करने लगे। पांच किलोमीटर तक आरोपी युवती के साथ छेड़खानी करते रहे। आरोपितों ने रास्ते में बाइक खड़ी करके भाई–बहनों को रोकने का भी प्रयास किया। किसी तरह दोनों अपने गांव के पास ईंट–भट्ठे पर पहुंचे। आरोपितों ने बाइक लड़ाकर दोनों को गिरा दिया। भाई ने भट्ठा मजदूरों से मदद मांगी, जिसके बाद तीन शोहदे गाली और धमकी देते हुए भाग निकले, जबकि एक को लोगों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान जितेंद्र पुत्र मोलहू के रूप में हुई। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने एक नामजद सहित चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की बाइक कब्जे में लेकर पकड़े गए युवक का शांति भंग में चालान किया है। साथ ही अन्य तीन की तलाश कर रही है।

# व्यापारी के पुत्र का गोदाम में लटकता मिला शव

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर गांधीनगर मोहल्ला निवासी एक व्यापारी का तीस वर्षीय बेटा अपने गोदाम में सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में झूलता हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन–फानन में स्थानीय अस्पताल से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों उसके मौत होने की पुष्टि कर दी है। इस मामले में परिजन मृतक के दोस्तों पर हत्या करने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत होने की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नम्बर नौ गांधी नगर मोहल्ला के निवासी मुराली लाल गुप्ता व्यापारी हैं।

किराना दुकान चलाने के साथ कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी ली है। जिसका गोदाम उन्होंने जलकल आफिस के बगल में बनाया है। सोमवार देर शाम उनका बड़ा बेटा सूरज गुप्ता (30) रोज की भांति थोड़ी दूर स्थित जलकल ऑफिस बगल अपने गोदाम पहुंचा। करीब दस बजे परिजनों को जानकारी मिली कि गोदाम के अंदर टीनशेड पाइप से रस्सी के फंदे से सूरज गुप्ता लटक रहा है। आनन–फानन में उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए। चिकित्सक के परामर्श के बाद जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने सूरज गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। परिजन हत्या होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। मृतक के साथियों का हाथ होने की बात कह रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# टहलने गए किशोर की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के बखिरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह नंदौर के पास ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के नन्दौर निवासी अधिवक्ता संजय कुमार का बेटा अपूर्व (15) खेत की तरफ गया था। वहां से वापस आते समय सुबह लगभग छह बजे एक ट्रैक्टर–ट्राली की चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। वह कक्षा नौंवी का छात्र था। दो भाइयों में बड़ा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 28/2023
इन्द्रजीत
बनाम
नागेन्द्र भाष्कर पटेल आदि

1. नागेन्द्र भाष्कर पटेल पुत्र स्व0 राम अनुज 2. श्रीमती बीना देवी पत्नी स्व0 राम अनुज साकिनान मौजा गौहनिया तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती
3. रामजी वर्मा 4. रामरेख 5. राम स्वरूप पुत्रगण परमेश्वर 6. अशोक कुमार पुत्र रामरक्षा 7. श्रीमती विद्यावती पत्नी रामरक्षा 8. विश्वराज 9. राम प्रकाश पुत्रगण बलेसर साकिनान मौजा गौहनिया तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती 10. नन्दनी वर्मा 11. प्रिया वर्मा पुत्रीगण स्व0 राम अनुज 12. आचल उम्र लगभग 13 वर्ष नावालिग पुत्र स्व0 राम अनुज ववलायत माता हकीकी श्रीमती बीना देवी स्वयं साकिनान मौजा गौहनिया तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती 13. श्रीमती गीता देवी पत्नी विश्वराज साकिन मौजा गौहनिया तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 23–07–2024**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 23 माह 07 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण, सावधानी से करें काम

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है। इसे सावधानी पूर्वक एवं समय से पूर्ण करना सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। ये चेतावनी एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र ने दी। एसडीएम ने बताया कि जिले में मतदान 25 मई को है। कपिलवस्तु विधानसभा में कुल 501 बूथों के लिए मतदाता सूची का प्रत्येक पेज को चेक किया जा रहा है। कही मिस प्रिंट तो नहीं है। अगर किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसे दुरुस्त किया जा रहा है। छह सेट मिलान कर वर्किंग कापी तैयार की जा रही है। हर पेज पर एआरओ के हस्ताक्षर का मोहर लगाया जा रहा है।

मुख्य पृष्ठ पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं की संख्या लिखी जा रही है। यही दुरुस्त मतदाता सूची को पीठासीन अधिकारी बूथों पर मतदान के लिए लेकर जाएंगे। इस अवसर तहसीलदार एवं एईआरओ पीयूष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, माधुर्य यादव, नवीन श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, राजेश गुप्त, अब्दुल गफ्फार, गयादीन मौर्य, अरुण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में निकली मतदाता जागरूकता संत यात्रा




**संवाददाता–गोरखपुर।** विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के तत्वाधान में गोरखपुर महानगर के विभिन्न हिस्सों में मतदाता जागरूकता संत यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा का शुभारंभ यात्रा में सम्मिलित संतो को माल्यार्पण कर एवं पटका पहनकर पदाधिकारी द्वारा किया गया, तत्पश्चात यात्रा में सम्मिलित संतों ने आम जनमानस से संपर्क कर उनको प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वह स्वयं सारे काम छोड़कर पहले मतदान करें तत्पश्चात पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए ले जाएं। जो व्यक्ति मतदान स्थल तक जाने में असमर्थ हैं उनका आपसी सहयोग से मतदान स्थल तक ले जाएं। संतो ने मतदान करने के लिए अपील की उन्होंने कहा यह मतदान ड्च के साथ च्ड के चुनाव का भी है अतः हम सबको बड़ी गंभीरता से अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए।

यात्रा में सम्मिलित दिव्य ज्योति जागृत संस्थान के संत कमल महात्मा एवं प्राचीन हनुमानगढ़ के महंत अमित कमल दास महाराज ने संयुक्त रूप से कहा कि मतदान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोगों के लिए अपनी सरकार में अपनी बात कहने और अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों को चुनने का एक तरीका है। यह लोगों के लिए अपनी सरकार को जवाबदेह ठहराने का एक तरीका भी है। मतदान लोगों को उन निर्णयों में अपनी बात रखने का अधिकार देता है जो उनके जीवन को प्रभावित करते हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश ने कहा कि मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ–साथ हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। जब लोग वोट नहीं देते हैं, तो वे प्रभावी रूप से खुद को चुप करा रहे होते हैं और वोट देने वालों को सत्ता सौंप रहे होते हैं। इससे गलत निर्णय लिए जा सकते हैं जिसका असर हर किसी पर पड़ेगा, यहां तक घ्कि उन लोगों पर भी जिन्होंने वोट नहीं दिया था।

आज भारत का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो परिवर्तन सामने आया है वह सब हम लोग के वोटो के अधिकार और मतदान की वजह से संभव पाया है अतः भारत को अगर विश्व गुरु बनाना है तो हमें पुनः ऐसी शक्तियों के लिए मतदान करना होगा जो राष्ट्र, धर्म और अंतिम व्यक्ति के कल्याण तक कार्य करें। यात्रा के संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि मतदाता जागरूकता यात्रा विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के सभी 21 जिलों में प्रखंड स्तर तक जा रही जहां पर संतों द्वारा व्यक्ति व्यक्ति से संपर्क कर और छोटी–छोटी सभा करके सब को सपरिवार मतदान के लिए आग्रह किया जा रहा है और उनसे एक निवेदन किया जा रहा है कि छोड़कर सारे अपने काम, सबसे पहले करो मतदान उन्होंने आगे बताया कि जहां भी मतदान हो चुके हैं वहां पर संतों की यात्रा से बहुत व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। यात्रा में मुख्य रूप से सम्मिलित संतों में संत कमल महाराज हनुमान गाड़ी के महंत अमित कमल दास जी पंचमुखी हनुमान मंदिर के शनि बाबा,अवनीश पांडे ,केशव दास , रितेश दुबे ,विनोद कुमार पांडे, चंद्रभान दास आदि सम्मिलित रहे। यात्रा में सहयोगी की भूमिका में चलने वालों में डॉ डीके सिंह, सूर्यनाथ सिंह, विष्णु प्रताप, अनूप शुक्ला, शीतल मिश्र देवीलाल गुप्ता, राहुल गुप्ता ,धीरज ओझा ,अरविंद त्रिपाठी ,धनंजय सिंह ,अनिल मद्धेशिया ,विनोद यादव आदि सम्मिलित रहे।

## ग्राम प्रधान व सचिव पर 12.48 लाख हड़पने का मुकदमा

**संवाददाता–गोरखपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेश पर झंगहा पुलिस ने ब्रम्हपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत विश्वनाथपुर के ग्राम प्रधान विष्णु मौर्या, तत्कालीन पंचायत सचिव व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वनाथपुर निवासी भृगुनाथ सिंह ईंट–भट्ठा चलाते हैं। ग्राम प्रधान विष्णु मौर्या व तत्कालीन पंचायत सचिव के कहने पर उन्होंने ग्राम पंचायत में कई जगह ईंट व राबिस आदि गिराया। जिसका कुल 20.45 लाख रुपए हिसाब हुआ था। जिसके सापेक्ष 14 लाख 84 हजार 384 रुपये का भुगतान ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने आरटीजीएस के जरिए किया था।

इसके अलावा अलग तिथियों में कुल 6 लाख 87 हजार 764 रुपए उनसे लिया। अलग–अलग तिथियों में लिया गया 6.87 लाख रुपए, ईंट व राबिस मद में बकाया 5 लाख 60 हजार 666 रुपये यानी कुल 12 लाख 48 हजार 430 रुपए हड़प लिया है। मांगने पर गाली गलौज व धमकी देते हैं। पुलिस से लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया।

## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
मु0नं0 809/91
छोटेलाल
बनाम
रामजस

1/1 रामनरेश 1/2 परमात्मा पुत्रगण रामजस 1/3 मु0 किसलावती बेवा राम सुरेश 1/4 सुनील कुमार /5 सोनू कुमार पुत्रगण राम सुरेश साकिनान मौजा पटवरिया तप्पा बखिरा परगना मगहर पूरव तहसील मेंहदावल जिला संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 15–05–2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 15 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 बस्ती जिला बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 88/2023
मोहम्मद रईस
बनाम
श्रीमती बुशरा आदि

1. श्रीमती बुशरा पत्नी ओम प्रकाश उर्फ नूरूल्लाह 2. ओम प्रकाश उर्फ नूरूल्लाह पुत्र काशी प्रसाद निवासीगण पक्का बाजार गांधी नगर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 23–07–2024**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 23 माह 07 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com